# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
# CH. CHARAN SINGH UNIVERSITY, MEERUT

पत्रांक : बी0एड0 परीक्षा/4048
दिनांक : 15.03.2023

## विज्ञप्ति

पत्रांक बी0एड0 परीक्षा/4041 दिनांक 23.02.2023 माध्यम से बी0एड0 प्रथम वर्ष 2023 (सत्र 2022–2023) के परीक्षा फार्म भरेने की अन्तिम तिथि 10.03.2023 थी, को संशोधित कर अन्तिम तिथि 14.03.2023 की जाती है। महात्मा ज्योतिबा फूले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा आयोजित बी0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2022 (सत्र 2022–24) में सम्मिलित एवं काउन्सलिंग के माध्यम से चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय से सम्बद्ध राजकीय/अनुदानित/स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों/संस्थानों में प्रवेशित छात्रों के सत्र 2022–24 प्रथम वर्ष एवं विश्वविद्यालय पोर्टल पर सम्बद्ध अल्पसंख्यक संस्थानों के पंजीकृत छात्रों के सत्र 2022–24 प्रथम वर्ष तथा विश्वविद्यालय पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकृत बी0एड0 स्पेशल एजूकेशन सत्र 2022–24 (प्रथम वर्ष) प्रवेशित छात्रों के परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय वेबसाइट https://ccsu.aimserp.co.in web/registration/studentexamform पर भरने की तिथियों में निम्नवत विस्तार किया जाता है:–

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन परीक्षाफार्म उपलब्ध होने की तिथि : | 24.02.2023 |
| ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने व परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि: | 19.03.2023 |
| विद्यार्थी द्वारा महाविद्यालय में परीक्षा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि : | 20.0.3.2023 |
| भरे गये परीक्षा फार्मो को महाविद्यालय द्वारा सत्यापित करने की अन्तिम : | 21.03.2023 |
| एंजेसी द्वारा रोल नम्बर एवं नामांकन संख्या कालेज लॉगईन आइ0आडी0: पर प्रेषित करने की तिथि | 22.03.2023 से 25.03.2023 |
| भरे गये परीक्षाफार्म एन0आर0 सहित विश्वविद्यालय में जमा करने की तिथि: (जनपद–हापुड़, बुलन्दशहर व गौतमबुद्ध नगर) | 27.03.2023 |
| भरे गये परीक्षाफार्म एन0आर0 सहित विश्वविद्यालय में जमा करने की तिथि (जनपद–बागपत, मेरठ व गाजियाबाद) | :28.03.2023 |

नोट– ऑनलाईन रोल लिस्ट कालेज लॉगईन आई0डी0 पर दिनांक 22.03.2023 से 25.03.2023 तक प्रेषित, के अनुसार नामांकन फार्म व मूल माईग्रेसर पर रोल नम्बर व नामांकन संख्या महाविद्यालय द्वारा अंकित किया जाना सुनिश्चित करेगे तथा माईग्रसन व माईग्रेसन का फार्म एक साथ अटेच कर सूची तैयार कर प्रेषित करे। अन्यथा की स्थिति में फार्म जमा नही किया जायेगा।

**महत्वपूर्ण अनुदेशः–**

01. बी0एड0 द्वितीय वर्ष एवं बी0एड0 प्रथम वर्ष ( बैक पेपर/भूतपूर्व छात्रों) के परीक्षाफार्म भरवाये जाने की विज्ञप्ति अलग से जारी की जायेगी।
02. परीक्षायें माह मई, 2023 के प्रथम सप्ताह से आयोजित होगी। अतः समस्त महाविद्यालयों से अनुरोध है कि समयान्तर्गत छात्रों की अतिरिक्त कक्षायें चलाकर पाठ्यक्रम पूर्ण करना, आन्तरिक परीक्षायें सम्पन्न कराना इत्यादि सुनिश्चित करे।
03. परीक्षाफार्म सम्बन्धी किसी भी सहायता हेतु एंजेसी हैल्प लाइन नम्बर 0121–2997771 तथा 0121–2997772 तथा ई–मेल आई0 : helpdeskaimserp@gmail.com पर सम्पर्क किया जा सकता है।
04. परीक्षाफार्म भरने सम्बन्धी प्रक्रिया संलग्न है।
05. विश्वविद्यालय नियमानुसार कोई भी विद्यार्थी एक साथ दो वर्षो (भूतपूर्व छात्र तथा मुख्या परीक्षा के रूप में) के परीक्षाफार्म नहीं भर सकता। यदि कोई विद्यार्थी ऐसा करता है तो उसका परीक्षाफार्म स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा।

06. अनुसचित जाति / जनजाति के परीक्षार्थी परीक्षा फार्म के साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र व संदर्भित जाति प्रमाण पत्र अवश्य संलग्न करें।
07. प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक यह भी सुनिश्चित करे लें कि छात्र द्वारा वैकल्पिक विषय का चयन स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम के अनुरूप ही चयनित किया जाए अन्यथा सम्बन्धित महाविद्यालय / छात्र की जिम्मेदारी स्वयं होगी।
08. विद्यार्थियों द्वारा परीक्षाफार्म में अपनी फोटो, हस्ताक्षर, जन्मतिथि, जाति, पत्राचार का पता, मोबाइल नं0, ई-मेल विषय कोड, स्त्री / पुरूष त्रुटिवश गलत भर दिये जाने पर महाविद्यालय / संस्थान अपने लॉगिन आई0डी0 से संशोधित किया जाना सुनिश्चित करें। छात्र / छात्राओं को विश्वविद्यालय में न भेजा जाये।
09. समस्त सम्बन्धित विद्यार्थियों को परीक्षाफार्म भरते समय अपना फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करना अनिवार्य है। विद्यार्थी अपने परीक्षाफार्म पर अलग से फोटो न चिपकाये अन्यथा की दशा में परीक्षाफार्म निरस्त समझा जायेगा। विद्यार्थी अपना परीक्षाफार्म ध्यान से भरें क्योंकि परीक्षाफाम केवल एक बार ही भरा जायेगा।
10. परीक्षाफार्म एवं परीक्षा शुल्क ऑनलाइन माध्यम से ही भरना अनिवार्य है। किसी भी स्थिति में ड्राफ्ट इत्यादि स्वीकार नहीं किया जायेगा। परीक्षा शुल्क के बिना फार्म मान्य नहीं है।
11. परीक्षाफार्म भरने के उपरान्त विद्यार्थी परीक्षाफाम का प्रिंट निकाल ले। परीक्षाफार्म की एक हार्ड कॉपी महाविद्यालय / संस्थान को जमा कराये एवं एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखे।
12. छात्र द्वारा भरे गये परीक्षाफार्म को महाविद्यालय / संस्थान अपने पोर्टल पर ऑनलाइन से कन्फर्म करना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में महाविद्यालय / संस्थान की पूर्ण जिम्मेदारी होगी।
13. महाविद्यालय / संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय को प्राप्त कराये गये परीक्षाफार्मों में यदि उपरोक्त वर्णित निर्देशों का अनुपालन न होने से किसी छात्र का परीक्षाफाम निरस्त होता है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित छात्र तथा महाविद्यालय / संस्थान के प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक की होगी। विश्वविद्यालय इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
14. महाविद्यालय / संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय को प्राप्त कराये गये परीक्षा फार्मों एवं नोमिनल रोल लिस्ट की एक छायाप्रति अपने कार्यालय में सुरक्षित रखना सुनिश्चित करे।
15. महाविद्यालय / संस्थान द्वारा पोर्टल पर बिना कन्फर्म किये गये परीक्षाफार्म प्रेषित न किया जाये अन्यथा की स्थिति में विश्वविद्यालय नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।
16. महाविद्यालय / संस्थान द्वारा परीक्षाफार्म पोर्टल से मुद्रित नोमिनल रोल लिस्ट क्रम के अनुसार विश्वविद्यालय में प्रेषित करें अन्यथा परीक्षाफार्म स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

15-03-2023

परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित का सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-**

1. समस्त राजकीय / अनुदानित / स्ववित्त पोषित महाविद्यालय / संस्थान (बी0एड0 पाठ्यक्रम), सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. वैयक्तिक सहायक कुलपति को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक प्रति कुलपति को माननीय प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ।
4. वैयक्तिक सहायक परीक्षा नियत्रंक को, माननीय परीक्षा नियत्रंक जी के सूचनार्थ।
5. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
6. प्रभारी कम्प्यूटर सेण्टर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. प्रबन्धक / प्रभारी, अधिकृत एजेन्सी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

15/3

सहायक कुलसचिव (बी0एड0 परीक्षा)